दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 24 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने विधानसभा में सर्वसम्मति से विश्वास प्रस्ताव हासिल किया।

02. जदयू, लोजपा–रामविलास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा सहित एनडीए के सभी घटक दलों ने मुख्यमंत्री को विश्वास प्रस्ताव हासिल करने पर बधाई दी।

03. पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। चौवालीस डिग्री तापमान के साथ रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने आज विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया है। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ।

––साउंड बाइट––

विश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों तथा विचारों का समर्थन करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। श्री चौधरी ने एनडीए के सभी सहयोगी दलों को भी प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए के नेतृत्व वाली नई सरकार की प्राथमिकताओं में भ्रष्टाचार, अपराध और सांप्रदायिकता पर अंकुश लगाना शामिल है। श्री चौधरी ने नई सरकार की कार्यशैली में महिला सुरक्षा को भी प्राथमिकताओं में शामिल किया है।

––साउंड बाइट––

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री को विश्वास मत हासिल करने पर बधाई दी है।

––साउंड बाइट––

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि राज्य में नीतीश कुमार का सुशासन और विकास मॉडल जारी रहेगा।

––साउंड बाइट––

विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एलेक्टेड सीएम की जगह सेलेक्टेड सीएम बनने के लिए सम्राट चौधरी को बधाई देता हूँ। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार के विकास के मुद्दे पर विपक्ष सरकार को सकारात्मक समर्थन देने के लिए तैयार है।

––साउंड बाइट––

विश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए विधानसभा में जदयू के नेता श्रवण कुमार और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रस्ताव का समर्थन किया। लोजपा, रामविलास के राजू तिवारी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के माधव आनंद, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रफुल्ल मांझी, एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान ने भी इसका समर्थन किया। कांग्रेस, सीपीआईएमएल, सीपीआईएम, आईआईपी, बीएसपी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को विश्वास प्रस्ताव हासिल करने पर बधाई दी है।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधानसभा सदस्य मोहम्मद नेमतुल्लाह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को विश्वास मत हासिल करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्री चौधरी नीतीश कुमार के विचारों पर चलते हुए राज्य को शिखर पर पहुंचाएंगे।

––साउंड बाइट––

---

आम आदमी पार्टी के तीन राज्यसभा सांसदों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दो तिहाई बहुमत के साथ भाजपा में विलय की घोषणा की है। नई दिल्ली में श्री चड्ढा ने जानकारी देते हुए कहा कि विलय करने वाले राज्यसभा सांसदों में हरभजन सिंह, राजेन्द्र गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के प्रावधानों का पालन करते हुए विलय करने वाले सभी सांसदों ने संबंधित दस्तावेज राज्यसभा के सभापति को सौंप दिए हैं।

––साउंड बाइट––

इधर, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भाजपा पर दूसरी पार्टी के नेताओं को डरा–धमका कर अपने संगठन में शामिल कराने का आरोप लगाया है।

——साउंड बाइट——

---

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। यह दिवस स्थानीय स्वशासन की औपचारिक संरचना के रूप में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है।

——रिपोर्ट——

पंचायती राज संस्थाएँ भारत में ग्रामीण विकास, स्थानीय स्वदृशासन की नींव है। इनकी जड़ें बहुत पुरानी है जो गांव अपने फैसले खुद लेते थे। अब सरकार की कई शक्तियां केंद्र और राज्य से गांव के चुने हुए प्रतिनिधियों को दी गई हैं। आज देश में ढाई लाख से ज़्यादा पंचायतें हैं और 24 लाख से अधिक चुने हुए प्रतिनिधि काम कर रहे हैं। हाल के वर्षों में, ईदृग्राम स्वराज, मेरी पंचायत, पंचायत निर्णय, ऑडिट ऑनलाइन, स्वामित्व, और ग्राम उर्जा स्वराज जैसी डिजिटल योजनाओं ने कामकाज को ज्यादा पारदर्शी, तेज और जिम्मेदार बनाया है। आज 95 प्रतिशत से ज़्यादा गाँवों में 3ळ और 4ळ इंटरनेट की सुविधाएं पहुंच चुकी हैं, जिससे लोगों तक सरकारी सेवाएं आसानी से और जल्दी पहुंच रही हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने कहा कि गांवों, किसानों, पंचायतों और व्यापक ग्रामीण परिदृश्य के समग्र विकास के बिना विकसित भारत की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती। श्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक तेजी से पहुंच रहा है। उन्होंने पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों से ग्राम स्तर पर सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

---

इस अवसर पर प्रदेश की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के साथ–साथ जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। पंचायती राज विभाग के निदेशक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम सभाओं में महिला सशक्तीकरण, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स, सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण और स्वयं के राजस्व स्त्रोत में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार छब्बीस अप्रैल को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ तैंतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री

कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा।

---

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल कृषि व्यवस्थाएं किसानों को एक नई दिशा दे रही हैं। श्री सिंह ने आज लखनऊ में आयोजित कृषि सम्मेलन के दौरान कहा कि छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक खेती मॉडल को अपनाने पर ज़ोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पहचान पत्र से किसानों को काफी लाभ मिल रहा है।

––साउंड बाइट––

---

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड में निगरानी विभाग की टीम ने प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी जनार्दन कुमार को दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी विभाग के डीएसपी अखिलेश कुमार ने बताया कि पैक्स गोदाम की सत्यापन रिपोर्ट देने के लिए बीसीओ के जरिए पैक्स प्रबंधक प्रशांत कुमार से रिश्वत की मांग की गई थी।

---

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। आज रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान भीषण गर्मी का दौर बने रहने की संभावना जताई है।

––साउंड बाइट––

---

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। बेगूसराय के सिमरिया गांव में जन्मे दिनकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उर्वशी, संस्कृति के चार अध्याय रश्मिरथी और कुरूक्षेत्र उनकी प्रमुख रचनाएं हैं। प्रसार

भारती के झरोखे से प्रस्तुत है दिनकर के स्वर में उनका रचना पाठ, जो सुनने मात्र से रोमांच से भर देता है।

––कट––

राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्यतिथि पर बेगूसराय सहित विभिन्न जिलों में साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने विधानसभा में सर्वसम्मति से विश्वास प्रस्ताव हासिल किया।

02. जदयू, लोजपा–रामविलास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा सहित एनडीए के सभी घटक दलों ने मुख्यमंत्री को विश्वास प्रस्ताव हासिल करने पर बधाई दी।

03. पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। चौवालीस डिग्री तापमान के साथ रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।